Kumar Gaurav, founder and CEO, Cashaa, the banker to the cryptocurrency industry, said: "Cryptocurrency is a global and decentralised system, and there is no way any government can ban it. That would require a kind of technology and control that does not rest with anyone. What we understand is that the government is trying to crack down on scams running in the name of bitcoin, considering that 90 per cent of these scams do not even operate on a proper cryptocurrency." Industry is expecting positive developments on cryptos' treatment. Nishith Desai Associates, CREBACO (along with Khaitan & Co.), and a few industry leaders recently made representations to all government departments and agencies that proposed a "regulatory framework".

Gaurav Mehta, founder, National Digital Asset Exchange (NADX), said: "The decision to ban 'private cryptocurrencies' is a step to prohibit crypto scams facilitated by individuals. But in the case of bitcoin, ethereum, and other decentralised currencies, the definition of 'private' is vague and can be contested in a court of law." The NDAX provides blockchain forensics and taxation solutions to government departments.

He, however, said: "More than 6 million investors have invested more than ₹90,000 crore and the fate of such investors is uncertain. By proposing such a shallow regulation, India is positioning itself in league with Algeria, Bangladesh, Ecuador, and Nepal." Scam possibilities are large and retail investors who do not understand cryptocurrencies are falling prey to wrongdoing. There was a bitcoin mining scam also.

## GST...

The robust collection is important since the Centre's fiscal deficit has crossed the Budget estimate by 45.5 per cent till December 2020-21. While it is not expected that the government will rein in the deficit at 3.5 per cent of GDP as was projected in the estimates, the collection will play a role in narrowing the deficit in the wake of increased expenditure on health, muted disinvestment receipts, low direct taxes, and stimulus packages.

"GST revenues during January 2021 are the highest since the introduction of GST and have almost touched the ₹1.2 lakh crore mark. The GST revenues above ₹1 lakh crore for a stretch of last four months and a steep increasing trend over this period are clear indicators of rapid economic recovery post pandemic," the Ministry of Finance said in a release. The ministry also attributed the collection to the closer monitoring of fake billing, deep data analytics using data from multiple sources including GST, income-tax and Customs IT systems, and effective tax administration.

"In addition to the sustained economic revival witnessed in the past few months, the increased collections are also on account of the initiatives taken by the tax administration to curtail evasion, monitor input tax credits and build taxpayer profiles based on other databases," said M S Mani, senior director at Deloitte India.

## BS SUDOKU #3270

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 4 | | 8 | 7 | 3 |
| | | | | 2 | | | | 4 |
| | 8 | | | 3 | | | | |
| 5 | 7 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 5 | |
| | | | 7 | | 3 | | 6 | 9 |
| 1 | | | 5 | | | | | 2 |
| | | | | | 2 | | 4 | |

**Medium:**
★★★
**Solution on Monday**

**HOW TO PLAY**
Fill in the grid so that every row, every column and every 3x3 box contains the digits 1 to 9

SOLUTION TO # 3269

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 |

## संक्षेप में

### अगले वित्त वर्ष में नए स्टोर खोलेगी मैकडॉनल्ड्स

हार्डकैसल रेस्तरां का स्वामित्व रखने वाली वेस्टलाइफ डेवलपमेंट लि. को उम्मीद है कि अगली तिमाही से उसका कारोबार कोविड-19 पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएगा। कंपनी पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां की मास्टर फ्रैंचाइजी वेस्टलाइफ डेवलपमेंट के एक अधिकारी ने कहा कि कंपनी की विस्तार यात्रा जारी रहेगी और वह अपने नेटवर्क पर स्टोर जोड़ेगी। कंपनी की इस तिमाही में तीन नए स्टोर खोलने की योजना है। उसके बाद अगले वित्त वर्ष से कंपनी हर साल 25-30 नए स्टोर खोलेगी। वेस्टलाइफ डेवलपमेंट के वाइस चेयरमैन अमित जटिया ने कहा, अगर उपभोक्ताओं का भरोसा कायम रहता है, हम अगले दो-तीन माह में कोविड-19 के पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएंगे। जटिया ने कहा कि कंपनी दिसंबर में कोविड-19 पूर्व के स्तर के पास पहुंच गई है। हमारा कारोबार हर महीने सुधर रहा है। दिसंबर में हमारी बिक्री कोविड-19 पूर्व के 97 फीसदी पर पहुंच गई। *भाषा*

### रीट्स में एमएफ का निवेश छह गुना बढ़ा

निवेश का उभरता विकल्प रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रीट्स) निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। फंड कंपनियों ने 2020 में रीट्स में 3,972 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो 2019 की तुलना में छह गुना है। ग्रीन पोर्टफोलियो के सह-संस्थापक दिवम शर्मा ने कहा कि डीएलएफ, ब्रुकफील्ड और गोदरेज जैसे नाम भी रीट्स शुरू करने की प्रक्रिया में है। ऐसे में आगामी वर्षों में रीट्स में म्युचुअल फंड का आकर्षण और बढ़ेगा। *भाषा*

# एफएमसीजी में दिख रही तेजी

## दिसंबर तिमाही में एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री में दिखा सुधार

**विवेट सुजन पिंटो**
मुंबई, 31 जनवरी

देश के शहरी क्षेत्रों में रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों की बिक्री में सुधार दिखना शुरू हो गया है। घनी आबादी होने के कारण शहरी क्षेत्र को कोविड-19 वैश्विक महामारी का तगड़ा झटका लगा था जिससे लोगों की जीवन शैली बदल गई थी।

हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), मैरिको, डाबर, इमामी और कोलगेट जैसी एफएमसीजी कंपनियों ने कहा है कि पिछली चार तिमाहियों में पहली बार अक्टूबर से दिसंबर 2020 तिमाही के दौरान शहरी क्षेत्रों की बिक्री में सुधार दिखा है। विश्लेषकों के अनुमान से पहले एफएमसीजी की बिक्री में यह सुधार दिखा है। विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2022 में शहरी क्षेत्रों में एफएमसीजी की बिक्री में तेजी आएगी क्योंकि तब तक कोविड को टीका आम लोगों के लिए उपलब्ध हो जाएगा जो फिलहाल काफी हद तक स्वास्थ्यकर्मियों तक सीमित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोविड-19 संक्रमण के मामले घटने और टीकाकरण शुरू होने के साथ ही लोगों की जीवन शैली में सुधार होने लगा है। एफएमसीजी उद्योग की कुल बिक्री में शहरी क्षेत्रों का योगदान 60 से 65 फीसदी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के मामले में यह आंकड़ा 35 से 40 फीसदी है।

ग्रामीण मांग दमदार रही है और शहरी क्षेत्रों में भी मांग सुधरने लगी है जो उद्योग के लिए काफी महत्त्वपूर्ण है। एफएमसीजी उद्योग के मुख्य कार्याधिकारियों (सीईओ) का कहना है कि यह प्रवृत्ति फिलहाल बरकरार रहेगी।

एचयूएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव मेहता ने कहा, 'शहरी मांग को मोबिलिटी में सुधार से मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर टीकाकरण से जुड़ा मामला है। हम सरकार की टीकाकरण योजना से खुश हैं और यदि इसे तेजी से लागू किया गया तो विशेष तौर पर शहरी मांग में उल्लेखनीय तेजी आएगी।'

देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी एचयूएल के लिए शहरी क्षेत्रों में स्किन केयर, कॉस्मेटिक्स और ब्यूटी जैसे कम आवश्यक उत्पादों की बिक्री में तेजी अब दिखने लगी है। कंपनी के कुल उत्पाद पोर्टफोलियो में इन उत्पादों की हिस्सेदारी करीब 15 फीसदी है।

उद्योग के विश्लेषकों का कहना है कि तीसरी तिमाही के दौरान इन उत्पादों की बिक्री में उल्लेखनीय सुधार हुआ जो वित्त वर्ष 2021 की पहली और दूसरी तिमाही से अलग है। उस दौरान न केवल एचयूएल के लिए बल्कि पूरे बाजार के लिए कम आवश्यक उत्पादों की बिक्री में गिरावट आई थी। इससे एफएमसीजी कंपनियों के कम आवश्यक उत्पाद श्रेणियों के राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई थी।

एचयूएल की स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण श्रेणी के आवश्यक उत्पादों का कंपनी के कुल उत्पाद पोर्टफोलियो में करीब 80 फीसदी हिस्सेदारी है। तीसरी तिमाही के दौरान इन उत्पादों की बिक्री में भी दो अंकों में वृद्धि दर्ज की गई। इस प्रकार पहली और दूसरी तिमाहियों के दौरान जो रफ्तार दिखी थी वह तीसरी तिमाही में भी बरकरार रही।

मैरिको के एमडी एवं सीईओ सौगत गुप्ता ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के मामलों में गिरावट के बीच उपभोक्ताओं की धारणा सुधर रही है। उन्होंने कहा, 'प्रमुख फ्रैंचाइजी के दमदार प्रदर्शन के साथ-साथ फूड में नए निवेश का रुझान भी अच्छा दिख रहा है। ऐसे में हमारा मानना है कि अगली कुछ तिमाहियों के दौरान घरेलू कारोबार उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेगा।'

विश्लेषकों का कहना है कि कम आवश्यक उत्पाद श्रेणी में सुधार होने से कंपनियां अब इन उत्पादों में निवेश करने के लिए प्रेरित हुई हैं। जबकि पहले वे ऐसा नहीं करना चाहती थीं।

इमामी और डाबर के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ब्रांड-निर्माण संबंधी गतिविधियों में सुधार हुआ है और कंपनियां अब क्षमता विस्तार पर निवेशक करेंगी। डाबर इंडिया के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा, 'हमने कम आवश्यक उत्पादों पर उपभोक्ताओं के खर्च में सुधार होते देखा है। हम अपने हेल्थकेयर पोर्टफोलियो को सुदृढ़ करना जारी रखते हुए ग्रामीण बाजार में अपनी पैठ बढ़ाने और होम एवं पर्सनल केयर श्रेणी में अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश करेंगे।'

इमामी के निदेशक मोहन गोयनका ने कहा कि पिछली दो तिमाहियों के दौरान सुधार को देखते हुए कंपनी को विश्वास है कि वह वित्त वर्ष 2021 को ऊंचे एकल अंक की वृद्धि के साथ अलविदा करेगी।

**बिक्री बढ़ी**



- पिछली चार तिमाहियों में पहली बार दिसंबर तिमाही के दौरान शहरी क्षेत्रों में एफएमसीजी की बिक्री में दिखा सुधार
- शहरी क्षेत्रों में स्किन केयर, कॉस्मेटिक्स और ब्यूटी जैसे कम आवश्यक उत्पादों की बिक्री में तेजी अब दिखने लगी है
- कम आवश्यक उत्पाद श्रेणी में सुधार होने से कंपनियां अब इन उत्पादों में निवेश करने के लिए प्रेरित हुई हैं

# 5जी पर नजर बनाए हुए है टेक महिंद्रा

**नेहा अलावधी**
नई दिल्ली, 31 जनवरी




टेक महिंद्रा 5जी पर ध्यान देना जारी रखे हुए है क्योंकि दुनिया भर के ग्राहकों ने इस तकनीक को अपनाना शुरू कर दिया है जबकि आईटी फर्म यूरोप में कोरोनावायरस में सुधार को लेकर देखो व इंतजार करो की रणनीति अपनाए हुए है।

टेक महिंद्रा के प्रमुख (कॉरपोरेट डेवलपमेंट) और वैश्विक प्रमुख (स्वास्थ्य सेवा व वित्तीय सेवाएं) विवेक अग्रवाल ने कहा, विमानन, हॉस्पिटैलिटी व एयरोस्पेस इंजीनियरिंग जैसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से मजबूत मांग देखने को मिली। अग्रवाल ने कहा, टीकाकरण के साथ काफी सकारात्मकता देखने को मिली है लेकिन यूरोप नए लॉकडाउन में उलझ गया है। उम्मीद है कि टीकाकरण की दर बढ़ने के साथ ये लॉकडाउन भी जल्द ही पीछे रह जाएंगे, जिससे सतत आर्थिक सुधार देखने को मिल सकता है।

फर्म ने दिसंबर तिमाही के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए। कंपनी का कर पश्चात लाभ 14.3 फीसदी बढ़कर 1,309.8 करोड़ रुपये रहा और राजस्व 9,647.1 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा।

तिमाही में यूरोप की हिस्सेदारी राजस्व में 26.4 फीसदी रही, वहीं अमेरिका की हिस्सेदारी 46.8 फीसदी रही, जो क्षेत्र के लिहाज से सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। अग्रवाल ने कहा कि इसका अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि नए राष्ट्रपति के कार्यकाल में अमेरिकी प्रशासन की तरफ से कारोबार को लेकर किस तरह का बदलाव आता है। उन्होंने कहा, नीतिगत बदलाव के लिहाज से अभी तक किसी योजना का ऐलान नहीं हुआ है, ऐसे में इस समय हम इसका इंतजार कर रहे हैं कि नए प्रशासन की तरफ से क्या किसी तरह का नीतिगत बदलाव हो रहा है।

पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल में भारतीय आईटी क्षेत्र पर सबसे ज्यादा असर एच 1 बी वीजा का पड़ा था, जिसका इस्तेमाल भारतीय अमेरिका में नौकरी के लिए करते हैं।

मुख्य वित्त अधिकारी मनोज भट ने कहा, अगली कुछ तिमाहियों में बढ़त के साथ-साथ कुछ निश्चित लागत की वापसी होने जा रही है। ऐसे में हमें देखना होगा कि कारोबारी लिहाज से हम किस तरह सोचते हैं, बढ़त वाले कौन से क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना है और सिर्फ उन्हीं पर ध्यान देना है जो ज्यादा लाभकारी होने जा रहे हैं।

अग्रवाल ने कहा कि टेक महिंद्रा अधिग्रहण के लिए तैयार है, जो ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने के लिए सही हो।

उन्होंने कहा, यह कहना मुश्किल है कि क्या यह रफ्तार बढ़ाएगा या फिर घटाएगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि किस तरह के मौके मिलते हैं। लेकिन गठजोड़ के लिहाज से साझेदारी हमारे लिए अहम प्राथमिकता वाला क्षेत्र है।

## 5,000 बीपीओ कर्मियों की छंटनी कर रही टेक महिंद्रा

**सूचना** प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा वित्त वर्ष 2020-21 में अपने बीपीओ कारोबार में कर्मचारियों की संख्या पांच हजार घटाकर 38 हजार करने वाली है। कंपनी यह छंटनी ऐसे समय कर रही है, जब उसके बीपीओ कारोबार का राजस्व शानदार तरीके से बढ़ रहा है। यह स्वचालन और कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के बढ़ते इस्तेमाल का प्रभाव है।

कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि राजस्व वृद्धि और कर्मचारियों की संख्या में सामंजस्य नहीं है। प्रौद्योगिकी ने अब एक व्यक्ति के लिए कई काम करना संभव बना दिया है। कंपनी ने इससे पहले दिसंबर तिमाही में कर्मचारियों की कुल संख्या में 2,500 की कटौती करने की घोषणा की थी। उसने कहा था कि ज्यादातर छंटनियां बीपीओ कारोबार में होंगी।

कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सीपी गुरनानी ने बताया, हमारे बीपीओ कारोबार में वित्त वर्ष 2019-20 के अंत में करीब 43 हजार कर्मचारी थे। मैं वित्त वर्ष 2020-21 के अंत में इस कारोबार में करीब 38 हजार कर्मचारियों के रहने की उम्मीद करता हूं। इसका कारण है कि उत्पादकता बढ़ी है और राजस्व भी बेहतर हुआ है। हालांकि उन्होंने कहा कि आने वाली तिमाहियों में इसी तरह से छंटनी नहीं जारी रह सकती है और कर्मचारियों की संख्या में स्थिरता आ सकती है। दिसंबर तिमाही में कंपनी के बीपीओ कारोबार का राजस्व सितंबर तिमाही की तुलना में 11 फीसदी बढ़ा है। *भाषा*

# एएमएनएस इंडिया की हुई एस्सार पावर ओडिशा

**ईशिता आयान दत्त**
कोलकाता, 31 जनवरी




- सरफेसी अधिनियम के तहत किया गया अधिग्रहण
- पिछले साल कंपनी ने हजीरा में प्राकृतिक गैस आधारित भांडेर बिजली संयंत्र का अधिग्रहण किया था

**आर्सेलरमित्तल** निप्पॉन स्टील इंडिया (एएमएनएस इंडिया) ने सरफेसी अधिनियम के तहत एस्सार स्टील निजी बिजली संयंत्र एस्सार पावर ओडिशा लिमिटेड (ईपीओआरएल) का अधिग्रहण किया है। ईपीओआरएल का अधिग्रहण शनिवार को पूरा हुआ। यह पहल एएमएनएस इंडिया द्वारा अपने परिचालन को आत्मनिर्भर बनाने का एक अन्य प्रयास है। पिछले साल कंपनी ने हजीरा में प्राकृतिक गैस आधारित भांडेर बिजली संयंत्र का अधिग्रहण किया था। कंपनी ने बोली प्रक्रिया के जरिये 500 मेगावॉट की स्थापित क्षमता वाले उस संयंत्र को एडलवाइस ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी से खरीदा था।

कुल मिलाकर इन दोनों संयंत्रों- भांडेर और ईपीओआरएल- के लिए सौदे की रकम 1,000 करोड़ रुपये के दायरे में है। एएमएनएस इंडिया ने कहा है कि इस अधिग्रहण से लेनदारों को करीब 85 फीसदी बकाये की वसूली हो जाएगी। ईपीओआरएल का अधिग्रहण एसबीआई और एडलवाइस से किया गया था।

एएमएनएस इंडिया ने बैंकों को अग्रिम भुगतान किया जिससे पता चलता है कि कंपनी अपनी बिजली जरूरतों को पूरा करने और आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए संकटग्रस्त परिसंपत्तियों का पुनर्गठन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भांडेर और ईपीओआरएल दोनों रुइया परिवार के नियंत्रण वाली कंपनी एस्सार पावर के संयंत्र थे। लेकिन लेनदारों ने सरफेसी अधिनियम के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें भुनाया है। एस्सार के एक अधिकारी ने दावा किया, 'लेनदारों ने कठिन परिस्थितियों में इन दोनों परिसंपत्तियों से अपने 100 फीसदी बकाये की वसूली की है।' उन्होंने कहा, 'हम अपने ऋण बोझ को घटाने के कार्यक्रम के अंतिम चरण में हैं और अगली दो तिमाहियों के दौरान हम शेष 10,000 करोड़ रुपये की अदायगी कर देंगे जिससे हमारे बिजली पोर्टफोलियो का काफी हद तक ऋण बोझ खत्म हो जाएगा।' कंपनी के अधिकारी ने कहा कि एस्सार कोयला आधारित बिजली पोर्टफोलियो से काफी हद तक बाहर हो रही है। कंपनी अक्षय ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसा कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में अक्षय ऊर्जा एवं भंडारण पोर्टफोलियो तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। ईपीओआरएल कोयला आधारित 120 मेगावॉट क्षमता का बिजली संयंत्र है जो ओडिशा के पारादीप में स्थित है। एस्सार स्टील के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया की शुरुआत में इसमें 60 मेगावॉट क्षमता परिचालन में है जबकि शेष 60 मेगावॉट क्षमता फिलहाल निर्माणाधीन है। यह परिसंपत्ति 2017 से ही एनपीए है।

एएमएनएस ने कहा है कि वह शेष 60 मेगावॉट का निर्माण जल्द पूरा करेगी।

**यूनीरोयल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
रजि. ऑफिस : 365, फेज-II, इण्डस्ट्रीयल एरिया, पंचकूला -134113

**कम्पनी सूचना**

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीकरण बाध्यताए एवं प्रकत्न आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 29 की अनुवर्ती में कम्पनी के बोर्ड की बैठक 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अन आडिटिड वित्तीय परिणाम को रिकार्ड पर लेने हेतु एवं सभी विषयों पर विचार करने हेतु शुक्रवार 12 फरवरी 2021 को रजिस्टर्ड कार्यालय पर होगी।

(अखिल महाजन)
कार्यकारी निदेशक
DIN : 00007598
स्थान : पंचकूला
दिनांक: 10-1-2021

**बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
कंटेनर फ्रेट स्टेशन, मनाली, चेन्नई-600068
सीआईएन: L15492WB1924GOI004835
पंजीकृत कार्यालय: 21, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700 001
वेबसाईट: www.balmerlawrie.com

"जैसा है जहां है आधार" पर कंपनी की अपनी 19 ट्रेलरों के निपटान के लिए ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। बोलियां केवल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से जमा किया जाएगा। जमा करने की नियम तिथि 01.03.2021। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **https://balmerlawrie.eproc.in** देखें। कोई संशोधन / शुद्धिपत्र, जब भी आवश्यकता हो, केवल कंपनी की वेबसाइट **www.balmerlawrie.com** पर अपलोड किया जाएगा। दूरभाष : 044-25941813/25941647 मोबा : 8906506476 ई-मेल : mukherjee.am@balmerlawrie.com

**प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
CIN: L27109HR1980PLC010724
**पंजीकृत कार्यालय :** 15 किमी. स्टोन, दिल्ली रोड़, हिसार-125044 (हरियाणा)

**कंपनी नोटिस**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 8 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी, जिसमें अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों के साथ तिमाही के लिए सीमित समीक्षा और 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हुए नौ महीने और अन्य विषयों पर विचार किया जाएगा। यह सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), विनियम, 2015 के विनियमन 29 के अनुसार है।
उपरोक्त बैठक की सूचना और परिणाम कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.prakash.com और संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर भी अर्थात् www.bseindia.com और www.nseindia.com उपलब्ध होगा।

कृते प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता-/
अश्विनी कुमार
कम्पनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30.01.2021

**रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**CIN: L18101PB1995PLC017415**
**पंजी. कार्यालय :** सी-193 ए, फेज-6, फोकल पॉइंट, लुधियाना, पंजाब-141010,
**फोन नंबर :** +91-161-2676893, 9872972951
**Email :** raitex3@gmail.com,
**Website :** www.raideepindustries.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक **शनिवार, 13 फरवरी, 2021 को अप. 04.00 बजे** कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित होगी, जिसमें अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणामों तथा सीमित पुनरीक्षण रिपोर्ट पर विचार और अनुमोदन किया जाएगा।

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट **www.raideepindustries.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध सूचना देखें।

**वास्ते रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(राय साहिब)**
**(प्रबंध निदेशक)**
**डीआईएन : 01582498**
**तिथि : 30.01.2021**
**स्थान : लुधियाना**

**SBI STATE BANK OF INDIA**
Premises & Estate Department,
3rd Floor, LHO, Hoshangabad Road, Bhopal-462011

**PRE-QUALIFICATION OF CIVIL CONTRACTORS**

Assistant General Manager, State Bank of India, Premises & Estate Department, Local Head Office, Bhopal invite **Pre-Qualification** application for **Construction of Collectorate Branch & Mega Currency Chest at Jagdalpur, Chhattishgarh.** Estimated cost of the project is Rs. 330 Lakhs (approx.) plus GST as applicable.

1. Interested agencies / contractors should apply on the prescribed format, which can be downloaded from SBI website **www.sbi.co.in under Procurement News** and may submit the pre-qualification application. Last date of submission of Pre-Qualification Application to this Office is on or before **22.02.2021 by 03.00 PM**
2. Corrigendum / Amendment, if any would be hosted on the website only. Hence, prospective applicants are advised to visit website regularly for above purpose.
3. SBI reserves the right to accept / reject any / all tenders without assigning any reason.

**ASSTT. GENERAL MANAGER (P & E), BHOPAL CIRCLE**

# पनबिजली पर दांव लगा रही जेएसडब्ल्यू एनर्जी

**श्रेया जय**
नई दिल्ली, 31 जनवरी




**जेएसडब्ल्यू** एनर्जी निजी क्षेत्र की चुनिंदा बिजली उत्पादकों में शामिल है, जो पनबिजली पर दांव लगा रही है। कंपनी के राजस्व को बढ़ाने में पनबिजली की भूमिका अहम रही है और जेएसडब्ल्यू पनबिजली की बड़ी परियोजनाओं पर दांव लगाने की योजना बना रही है।

जेएसडब्ल्यू एनर्जी के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रशांत जैन ने कहा, हम पनबिजली क्षेत्र को लेकर आशावान हैं, खास तौर से बिजली मंत्रालय की तरफ से एचपीओ अधिसूचना के बाद से। इससे पनबिजली के क्षेत्र में और बिजली खरीद करार पर हस्ताक्षर हो पाएंगे। हम पनबिजली की बड़ी परियोजनाओं पर विचार रहे हैं क्योंकि हमारी स्थिति हमें छोटी पनबिजली परियोजनाओं पर निवेश की इजाजत नहीं देता।

जेएसडब्ल्यू अभी 1.3 गीगावॉट पनबिजली परियोजनाओं का परिचालन कर रही है। हाल में हरियाणा बिजली नियामक आयोग ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी की बिजली खरीद पेशकश को मंजूरी दी है, जो 240 मेगावॉट पनबिजली की आपूर्ति के लिए है। कंपनी वित्त वर्ष 2024-25 तक परियोजना चालू होने की उम्मीद कर रही है।

29 जनवरी की अधिसूचना में केंद्रीय मंत्रालय ने अनिवार्य एचपीओ को साल 2030 तक बढ़ा दिया है। केंद्र का इरादा साल 2030 तक 30 गीगावॉट पनबिजली जोड़ने का है। एचपीओ में राज्यों की तरफ से कुल ऊर्जा मांग के प्रतिशत के तौर पर अनिवार्य पनबिजली खरीद की बात कही गई है।

पिछले हफ्ते तीसरी तिमाही के नतीजे की घोषणा करने वाली कंपनी ने पनबिजली इकाइयों से राजस्व में बढ़ोतरी देखी। जैन ने कहा, हमारे कारोबार पर कोविड का बहुत ज्यादा असर नहीं हुआ क्योंकि ये आवश्यक सेवाएं हैं और पनबिजली, सौर व पवन ऊर्जा इकाइयों को संचालित करना आवश्यक है।

जैन ने कहा, पहली तिमाहियों में ही असर देखने को मिला था, तब बिजली की मांग में कमी आई थी। लेकिन तीसरी तिमाही के बाद बिजली की मांग बढ़ी है और मौजूदा तिमाही में भी बिजली की मांग 4-5 फीसदी बढ़ रही है।

# चीन के बाजार में उतरेगी ल्यूपिन

**सोहिनी दास**
मुंबई, 31 जनवरी

**सन** फार्मा व डॉ. रेड्डीज के बाद मुंबई मुख्यालय वाली कंपनी ल्यूपिन ने चीन के बाजार में उतरने का फैसला किया है और इसके लिए योजना बना रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक नीलेश गुप्ता ने कहा कि फर्म का इरादा जल्द ही चीन के बाजार में उतरने का है। गुप्ता ने कहा, वास्तव में पिछले मार्च में प्रबंधन टीम को चीन का दौरा कर वहां के परिदृश्य को देखना था। महामारी के कारण यह हालांकि नहीं हो पाया। हम साल 2021 में चीन के बाजार में उतरना चाहते थे लेकिन महामारी के कारण इसमें देर हुई। उनका मानना है कि श्वसन संबंधी बीमारियों के इलाज की दवाओं के मामले में चीन में काफी संभावनाएं हैं।

गुप्ता ने कहा, हम अगले 12 महीने में चीन के बाजार में उतरने की अपनी योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं।

नवंबर 2018 में ल्यूपिन ने जापान की सहायक क्योवा फार्मा इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड की पूरी हिस्सेदारी प्राइवेट इक्विटी फर्म को बेच दी थी और जापान में जेनेरिक कारोबार से बाहर निकल गई थी। अब कंपनी ने स्पेशियलिटी दवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला लिया है। कीमतों में सालाना कटौती ने जापानी जेनेरिक बाजार को अनाकर्षक बना दिया है। अब फर्म का इरादा चीन के बाजार में संभावनाएं तलाशने का है।

सन फार्मा भी दुनिया के दूसरे सबसे बड़े एकल दवा बाजार में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए सक्रियता से जुटी हुई है। कंपनी ने पिछले कुछ सालों में अपने उत्पादों के पोर्टफोलियो को चीन के बाजार के लिए मजबूत बनाने के लिए कई गठजोड़ किए हैं। उदाहरण के लिए चीन के बाजार पर अपना ध्यान मजबूत करने की योजना के तहत सन फार्मा ने एस्ट्राजेनेका यूके लिमिटेड के साथ लाइसेंसिंग करार किया है, जो चीन में कुछ निश्चित ऑनकोलॉजी उत्पादों को उतारने के लिए हुआ है।

अभी ल्यूपिन के लिए अमेरिका अहम बाजार है, जो कुल राजस्व में 37 फीसदी का योगदान करता है, वहीं भारतीय बाजार का योगदान 35 फीसदी है। चीन का दवा बाजार करीब 140 अरब डॉलर का है और 1.4 अरब लोगों की आबादी वैश्विक दवा निर्माताओं के लिए आकर्षक लक्षित बाजार है।

हाल के वर्षों में चीन ने अपने दवा बाजार को खोला है, सुधार को अंजाम दिया है और मंजूरी की अवधि में तेजी लाई है।

डॉ. रेड्डीज को चीन के नियामक से साल 2019 में 11 साल के इंतजार के बाद एंटी-ब्लड क्लॉटिंग दवाओं की मंजूरी मिली। हालांकि लंबा इंतजार उसके लिए कारगर ही माना जाएगा क्योंकि उसे सितंबर 2019 में चीन के सार्वजनिक अस्पतालों में जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति को मंजूरी मिल गई।

मुंबई के एक विश्लेषक ने कहा, चीन की सरकार जेनेरिक दवाओं पर खर्च घटाने पर ध्यान दे रही है। इसने कई वैश्विक दवा निर्माताओं को चीन की रणनीति पर दोबारा विचार के लिए बाध्य किया है। रक्तचाप के इलाज व कैंसर की दवा की कीमतें हाल में घटी हैं। भारतीय कंपनियों के लिए चीन के बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का यह अच्छा समय है।

इस बीच, गुप्ता ने कहा कि उसे सहायक क्षेत्र में काफी गुंजाइश दिख रही है। गुप्ता ने कहा, तत्काल कोई योजना नहीं बनी है, लेकिन डायग्नोस्टिक्स जैसे क्षेत्र पर हमारी नजर है। इसके मौके हैं। उन्होंने कहा कि फर्म संभावना तलाश रहा है कि क्या इस क्षेत्र में उद्यम बनाया जा सकता है जिससे डॉक्टरों को बेहतर पेशकश में मदद मिल सके।




- कंपनी डायग्नोस्टिक्स व वैक्सीन में मौके तलाश कर सकती है
- कंपनी अगले 12 महीने में चीन के बाजार में उतरने की अपनी योजना को अंतिम रूप दे रही है
- अभी ल्यूपिन के लिए अमेरिका अहम बाजार है, जो कुल राजस्व में 37 फीसदी का योगदान करता है, वहीं भारतीय बाजार का योगदान 35 फीसदी है

बिज़नेस स्टैंडर्ड
चंडीगढ़ संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज़-II, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकुला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा,चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित**
**संपादक: कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57007 पर एसएमएस करें SUB BS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं